# पार्वती को युवा, सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल ने बुधवार को युवा पुरस्कार 2025 एवं बाल साहित्य पुरस्कार 2025 की घोषणा की।

हिंदी के लिए पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार एवं सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार देने की घोषणा हुई है। डोगरी भाषा का युवा पुरस्कार बाद में घोषित किया जाएगा। हिंदी के लिए युवा पुरस्कार पार्वती तिर्की के कविता-संग्रह फिर उगना, को प्रदान किया गया है। अंग्रेजी के लिए अद्वैत कोट्टरी के उपन्यास सिद्धार्थः द ब्याय हू बिकेम द बुद्ध, पंजाबी के लिए मनदीप औलख कविता-संग्रह गर्ल्स



पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार



सुशील शुक्ल को बाल साहित्य सम्मान

हॉस्टल तथा उर्दू के लिए नेहा रुबाब के उपन्यास मज़हरुल हकः तारीक़-ए-आज़ादी-ए-हिंदः हिंद का फरामोश, कर्दा कायद को युवा साहित्य पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। पुरस्कार चयन को लेकर हुई बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 24 बाल साहित्यकारों के लिए पुरस्कार 2025 अनुमोदित किए गए।